# केंद्रीय विद्यालय पिकेट

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2019-20

**कक्षा-5** **विषय-हिंदी**

**नाम ______________________ विभाग___ रोल नं___**

| पठन | लेखन | रचनात्मक लेखन | व्याकरण | वर्तनी | सुलेख | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 10 | 15 | 10 | 10 | 5 | 80 |
| | | | | | | |

## पठन (20)

**निम्न गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।**

शास्त्री जी के लिए देश-प्रेम सबसे बड़ा धर्म था।एक बार जब वे जेल में थे तभी उनके चार वर्षीय पुत्र को टाइफ़ाइड हो गया।जेल के अधिकारियों ने कहा कि यदि शास्त्री जी यह लिखकर दें वे  कि जेल से बाहर आन्दोलनकारी गतिविधियों से दूर रहेंगे,तो पैरोल पर छोड़े जा सकते हैं।पर देशभक्त शास्त्री जी ने उनकी शर्त स्वीकार नहीं की।बाद में बिना शर्त के एक सप्ताह के लिए वे छोड़ दिए गए।पुत्र की हालत में सुधार नहीं हुआ।शास्त्री जी के पुन: जेल जाने का समय आ गया।साल भर पहले इसी रोग से उनकी पुत्री की भी मृत्यु हो चुकी थी। पर उन्होंने अपने ह्रदय की कोमल भावनाओं पर नियंत्रण किया और परिवारजनों पर पुत्र की देखभाल का दायित्व सौंपकर पुन: जेल चले गए।उनके लिए देश परिवार से बढ़कर था।

**प्रश्न** 1-शास्त्री जी के लिए परिवार से भी बढ़कर क्या था?

**उत्तर-** ______________________________________________

**प्रश्न** 2-शास्त्री जी की पुत्री की मृत्यु किस बीमारी के कारण हुई थी?

**उत्तर-** ________________________________________________

**प्रश्न** 3-**जेल अधिकारियों ने शास्त्री जी को छोड़ने के लिए क्या शर्त रखी**?

**उत्तर-** ________________________________________________

________________________________________________

**प्रश्न** 4-**उन्हें कितने दिनों के लिए छोड़ा गया**?

**उत्तर-** ________________________________________________

**प्रश्न** 5-**शास्त्री जी का पूरा नाम लिखो।**

**उत्तर-** ________________________________________________

**प्रश्न** 6 **निम्न के लिए प्रयुक्त विशेषण शब्द लिखो।**

____________________________ शास्त्री जी

__________________________भावनाएँ

**प्रश्न** 7 **पुत्र** का लिंग बदलो।

**उत्तर-** ________________________________________________

**प्रश्न** 8 **टाईफ़ाइड** क्या है?

देशभक्ति बीमारी शास्त्री जी का पुत्र

**प्रश्न** 9- **बीमारी** शब्द का समानार्थी शब्द ढूँढकर लिखो।

**उत्तर-** ________________________________________

**प्रश्न 10- वाक्य पूरा करो-**

शास्त्री जी अपने बेटे की देखभाल की जिम्मेदारी अपने ________________ को सौंप कर जेल चले गए।

**निम्न गद्यांश को पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो।**

इला की माँ और दादी कशीदाकारी करती थीं।वह उन्हें सुई में रेशम पिरोने से लेकर4बूटियाँ उकेरते हुए देखती।न जाने कब उसने कशीदाकारी करने की ठान ली।यहाँ भी उसने अपने पैर के अँगूठों का  सहारा लिया। दोनों अँगूठों के बीच सुई थामकर कच्चा रेशम पिरोना कोई आसान काम नही था।पर उसके विश्वास और धैर्य ने कुदरत को भी झुठला दिया।

पंद्रह- सोलह साल की होते- होते इला कठियावाडी कशीदाकारी म माहिर हो गई ।एक समय ऐसा भी आया जब उसके द्वारा काढे गए परिधानों की प्रदर्शनी लगी। इन परिधानों में काठियावाड़ के साथ साथ लखनऊ और बंगाल की भी झलक थी।पारंपरिक डिजाईनो में यह नवीनता सभी को बहुत भाई।

**प्रश्न** 1-यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

**उत्तर** ____________________________________________________

**प्रश्न** 2-इला किस कला में माहिर थी?

**उत्तर**______________________________________________________

**प्रश्न** 3-इला को कशीदाकारी की प्रेरणा किसको देखकर मिली?

**उत्तर**______________________________________________________

**प्रश्न** 4-इला के परिधानों में क्या खास बात थी?

**उत्तर**-________________________________________________

**प्रश्न** 5- कशीदाकारी करने के लिए उसने किसका सहारा लिया?

**उत्तर**–________________________________________________

__________________________________________________________

**प्रश्न** 6- इला के किन गुणों ने उसे सफ़ल बनाया?

**उत्तर** –_______________________________________________

__________________________________________________________

__________________________________________________________

**प्रश्न** 7- इला के परिधानों में यह नयापन सभी को बहुत अच्छा लगा।

( **सही / गलत** )

**प्रश्न** 8- **कच्चा रेशम** में 'कच्चा' शब्द क्या है?

(संज्ञा / विशेषण )

**प्रश्न** 9- **प्रकृति** शब्द का समान अर्थ वाला शब्द ढूँढकर लिखो।

**उत्तर**_________________________________________________

**प्रश्न** 10 **उकेरना** शब्द क्या है?

**उत्तर- संज्ञा क्रिया विशेषण सर्वनाम**

## लेखन (10)

**प्रश्न** 1-राम, कौशल्या और ताड़का किस प्रसिद्ध कथा के पात्र हैं?

**उत्तर**-______________________________________________

**प्रश्न** 2-**'अंदर की छटपटाहट'** बच्चे की आँखों में किस रूप में प्रकट होती थी?

**उत्तर**-_______________________________________________

**प्रश्न** 3-पते में सबसे छोटी भौगोलिक इकाई क्या होती है?

**उत्तर**- _______________________________________________

**प्रश्न** 4-संचार के कोई दो साधनों के नाम लिखो।

**उत्तर** - _____________________________________________

**प्रश्न** 5-हमारे व्यक्तिगत जीवन में कंप्यूटर के कोई 2 प्रयोग लिखो?

**उत्तर**-_______________________________________________

_______________________________________________

**प्रश्न** 6 अकबर को पहरेदार की दखलंदाजी अच्छी क्यों नहीं लगी?

**उत्तर**-_______________________________________________

_______________________________________________

**प्रश्न** 7-अब्बा ने क्या सोचकर आरिफ़ की बात मान ली ?

**उत्तर**-_______________________________________________

_______________________________________________

**शब्दों के सही अर्थ पर गोला लगाओ।**

1-**वृक्ष** - पेड़ / त्योहार    2- **भिन्न** - परेशान / अलग

3- **कतार** - बेचैन / लाईन    4- **फौरन** - सुबह /जल्दी

## रचनात्मक लेखन (15)

**1-अगर** तुम्हें एक दिन के लिए सारे अधिकार दे दिए जाएं तो तुम क्या क्या करोगे?

2-निम्न शब्दों का प्रयोग करते हुए **दशहरा** पर अनुच्छेद लिखो।

( धार्मिक पुतला रामलीला मेला झूले )

3-तुम्हारे जन्मदिन पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए उसे **धन्यवाद पत्र** लिखो।

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

**<u>व्याकरण</u>** <u>(20)</u>

1- **'बे'** शब्द जोड़कर एक शब्द बनाओ- ________________

2- **'वाला'** शब्द जोड़कर एक शब्द बनाओ- ________________

3- **निम्न क्रियाओं से भाववाचक संज्ञा बनाओ।** (लग-लगाव)

कट- ________________ चुन- ________________

**वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो।**

4-संगीत जानने वाला - ______________________________

5-जहाँ पहुँचना कठिन हो - ______________________________

6-**रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरा करो।**

मीरा ने अपनी मेहनत और लगन से ______________________

काम को भी **संभव** कर दिया।

7-**विशेषण शब्द पर गोला लगाओ।**

वह पुस्तक बहुत पुरानी थी।

**निम्न के** 2-2 **पर्यायवाची लिखो।**

8- **पानी**-__________________ , ____________________

9- **चाँद**- ___________________ , ____________________

**मुहावरे का वाक्य प्रयोग करो।**

10- **आँख दिखाना**-

____________________________________________________

____________________________________________________

11- **शब्दों को सही क्रम में लगाकर सार्थक वाक्य बनाओ।**

किताब / कहानियों / पसंद / मुझे / की / है / पढ़ना ।

________________________________________________________________

12- **वाक्य में रेखांकित शब्द का सही अर्थ बताओ।**

डॉक्टर ने मुझे **हल्का खाना** खाने की सलाह दी।

थोड़ा खाना तीखा खाना सादा खाना

13- **निम्न शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करो।**

पुरस्कार पत्र पैदावार पीछे

____________ ____________ ____________ ____________

14- **क्रिया शब्द पर गोला लगाओ।**

राम अध्यापक को देखकर किताब पढ़ने लगा।

15- **रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर खाली स्थान भरो।**

आज़ादी की लड़ाई में बच्चे , बूढ़े , **स्त्री** और ______________

सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

16- **व्यक्तिवाचक और जातिवचाक संज्ञा अलग करके लिखो**

डॉलर पेड़ मुद्रा पीपल गंगा नदी

| जातिवचाक संज्ञा | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
|---|---|
| | |
| | |
| | |

## वर्तनी (10)

**शुद्ध वर्तनी शब्द पर गोला लगाओ**

1. परिक्षा परीक्षा परीक्शा
2. चिट्टी चीट्टी चिट्ठी
3. पिनकोढ पिनकोड पिनकौड़
4. ज्ञान गियान ग्यान
5. प्रशंशा प्रशंसा परसंसा

**सही मात्रा लगाकर सार्थक शब्द बनाओ।**

पहरदार - ____________________ हाज़रजवाब - ________________

त्याहार - _____________________ सरहल - __________________

डाकया- ______________________

## <u>सुलेख</u>

भारत एक विकासशील देश है। इतने वर्षों में भारत ने शीर्ष दशों में अपना स्थान दर्ज किया है। इसकी 'विभिन्नता में एकता ' की विशेषता इसे और भी सुन्दर बनाती है।हमारे देश में स्तिथ ताजमहल विश्व के सात अजूबों में से एक है।इसके अलावा लाल-किला, सांची स्तूप आदि अनेक ऐतिहासिक इमारतें भारत के महान इतिहास को दर्शाती हैं।

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________